सामयिक मूल्यांकन कसौटी

कक्षा : 7 | हिन्दी | **मार्च,** 2021

समय : **1** घंटा | अंक : 25

[અ.નિ. - અધ્યયન નિષ્પત્તિ **(Learning Outcome)**]

अ.नि. 'क्या', 'कौन', 'कहाँ', 'कैसे', वाले प्रश्नों के उत्तर लिखित रूप से देते हैं ।

**प्रश्न-1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** (05)

1. बेटी धरती पर उजियारा कैसे करेगी ?
2. मनुष्य यदि हिंमत से काम ले तो क्या हो सकता है ?
3. हम आदर्श नागरिक कैसे बन सकते हैं ?
4. आप अपने माता- पिता को कौन-कौन से काम मे मदद करते हैं?
5. इन्सान क्या- क्या कर सकता हैं ?

अ.नि. समानार्थी शब्द और मुहावरों का वाक्य में प्रयोग करते हैं।

**प्रश्न-2 (अ) नीचे दिए गए शब्दों का अर्थ देकर उसका वाक्य में प्रयोग कीजिए ।** [02]

(A) कामयाबी (B) दायित्व

**प्रश्न-2 (ब) मुहावरों का अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए ।** [03]

(1) प्राण न्योछावर करना

(2) सच्चा हीरा होना

(3) हवा को चूमना

अ.नि. विशेषण के प्रकार को समझते हैं।

**प्रश्न-3 नीचे दिए गए वाक्यों में से विशेषण पहचान कर उसका प्रकार लिखिए ।** [05]

(1) राम भला आदमी था ।

(2) कक्षाकक्ष में तीस छात्र हैं ।

(3) आस्था ने चाय में थोड़ी चीनी डाली ।

(4) वे लड़के खेल रहे हैं ।

(5) सरला को कोई खिलौने दो ।

अ.नि. किसी भी विषय या घटना पर अपनी राय देते हैं ।

**प्रश्न-4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** [05]

(1) देश की रक्षा के लिए लड़नेवाला सैनिक युद्ध में आहत हुआ है, वह अंतिम साँस ले रहा है वह क्या सोचता होगा ? लिखिए।

(2) स्वच्छता के संदर्भ में अपने देश की व्यवस्था को हम कैसे श्रेष्ठ बना सकते हैं?

अ.नि. कहानी का विकास और विस्तार करते हैं।

**प्रश्न-5 निम्नलिखित अपूर्ण कहानी को अपनी भाषा में पूर्ण कीजिए।** [05]

पुराने जमाने की बात है। कनकपुर देश के दरबारियों की ख्याति देश-विदेश में फैली हुई थी। उनकी बुद्धि की प्रशंसा सुनकर दूसरे देश के दरबारी उनकी परीक्षा लेने के लिए आएँ। उसके एक हाथ में असली और दूसरे में नकली फूलों की माला थी। उसने दरबारियों से कहा, “श्रीमान् क्या आप हाथ लगाए बिना बता सकेंगे कि कौन सी माला असली फूलों की है?” सभी दरबारी आश्चर्य में पड़ गये। दोनों मालाएँ बिलकुल समान लग रही थीं। दरबारी के प्रश्न का उत्तर देना मुश्किल था। पर आखिर एक बुद्धिमान दरबारी खड़ा हुआ।..... ..... ....

# सामयिक मूल्यांकन कसौटी

कक्षा: 7 | हिन्दी | सप्टेम्बर, 2020

समय : 1 घंटा | अंक : 25

(અ.નિ.: અધ્યયન નિષ્પત્તિ- Learning Outcome)

अ.नि. : शब्दों को उचित क्रम में रखकर अर्थपूर्ण वाक्य बनाते हैं।

**प्रश्न-1 शब्दों को उचित क्रम में रखकर अर्थपूर्ण वाक्य** लिखिए । ( 05 )

(1) प्राणी कुत्ता है वफादार।

(2) गया पर एक दुकान व्यक्ति।

(3) विकास में उत्कृष्ट उन्हें भारत के किया प्रदान।

(4) स्वयं खुश मैंने होकर किया हैं मुक्त इसे ।

**(5)** बगीचे लड़के खेल में हैं रहे ।

अ.नि. : शब्द के लिंग परिवर्तन को जानकर उसका व्यवहार में प्रयोग करते हैं।

**प्रश्न-2 दिए गए वाक्यों में से रेखांकित शब्द का लिंग परिवर्तन करके वाक्य फिर से लिखिए।** ( 05 )

(1) एक लडका दुकान पर गया।

(2) सेठ हक्का-बक्का रह गए।

(3) घोडी दौड़ रही है।

(4) धोबी कपड़े धो रहा है ।

**(5)** चाची बाज़ार जा रही है ।

अ.नि. : विरामचिहनों का योग्य स्थान पर प्रयोग करते हैं ।

**प्रश्न-3 दिए गए वाक्यों में सही स्थान पर उचित विरामचिह्न लगाकर वाक्य फिर से लिखिए।** ( 05 )

(1) राम लछिमन और सीता वन में गए

(2) वेदान्त कलकत्ता चला गया है

(3) वाह कैसा मनोहर दृश्य

(4) आप क्या बनना चाहते हैं

(5) कौन कहता है कि भारत विज्ञान में पीछे है

अ.नि. : भाषा की शाब्दिक और वाक्य संबंधी खूबियों को जानकर उचित उपयोग करते हैं।

**प्रश्न-4 वाक्य शुद्ध रूप से लिखिए।** ( 05 )

(1) आप कहा से आ रहे है ?

(2) लड़के खेल रहे है ।

(3) कुंजदिन शबजिया बेचती है ।

(4) रिक्शा मे दो आदमी बैठे है ।

(5) आप मेरी और आ जाइए ।

अ.नि. : परिच्छेद का मातृभाषा में अनुवाद करते हैं

प्रश्न-5 **निम्नलिखित परिच्छेद का मातृ भाषा में अनुवाद कीजिए।** ( 05 )

डॉ. विक्रम साराभाई ने अपना संपूर्ण जीवन भारत तथा विज्ञान के समग्र विकास के लिए समर्पित कर दिया। भारत के विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें कई राष्ट्रीय और आंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुए। वह केवल उच्च कोटि के वैज्ञानिक ही नहीं थे, बल्कि व्यस्तताओं के बावजूद कला, शिक्षा व समाज के लिए पर्याप्त समय निकाल लेते थे।

....................................

# सामयिक मूल्यांकन कसौटी

**कक्षा : 7** **हिन्दी** **दिनांक : 25/02/2022**

**समय : 1 घंटा** **अंक : 25**

---

**प्रश्न 1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** **(05)**

(1) मनुष्य यदि हिम्मत से काम ले तो क्या हो सकता है ?

(2) आप अपने माता-पिता की कैसी संतान बनना चाहोगे ?

**प्रश्न 2 निम्नलिखित शब्दों को उचित क्रम में रखकर अर्थपूर्ण वाक्य बनाकर लिखिए ।** **(05)**

(1) कसरत, शारीरिक, करनी, स्वास्थ्य, चाहिए, के, लिए।

(2) अच्छी, लड़का, तरकारी, बाज़ार, लाया, से ।

(3) जानवर, किसी, को, भी, मारना, है, अनुचित ।

(4) बाज़ार, फूल, लाल, में, हैं, मिलते ।

**(5)** पढ़ने, काफी, वेदांत, है, तेज़, में।

**प्रश्न 3 निम्नलिखित परिच्छेद का मातृभाषा में अनुवाद कीजिए ।** **(05)**

मेरे पिता आपकी सेना में सिपाही थे। उन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए । आज उनको मरे हुए दो वर्ष हो गए । इस समय घर में मैं और मेरी माता, केवल दो लोग हैं । आज तीन महीनों से हम दोनों को पेटभर अन्न मिलना दुर्लभ हो गया है । इस संसार में मनुष्य सब कुछ सहन कर लेता है, परन्तु पेट की भूख सहन नहीं कर सकता । मैं इस विचार में बैठा था कि एक सैनिक ने आकर मुझसे कहा कि यदि तुम शिवाजी का वध कर दो, तो मैं तुम्हें धन दूँगा । महाराज, इसी लालच में पडकर मैं आपकी हत्या करने के लिए यहाँ आय़ा था । किन्तु अचानक उसी समय आपकी आँखे खुल गई ।

**प्रश्न 4 आठ - दस वाक्य जोड़कर अधूरी कहानी पूर्ण कीजिए।** **(05)**

पालनपुर नामक एक गाँव था । उस गाँव के पास एक जंगल था। एक दिन गाँव में बच्चे खेल रहे थे और बड़े अपना काम कर रहे थे । तभी जंगल में से एक शेर गाँव में आ पहुँचा । उसका पेट भरा हुआ था । शेर ने किसीको नुकसान नहीं किया और बच्चों को खेलते हुए देखने लगा । ......

**प्रश्न 5 आप अपने मित्र को 'बिमारी में सावधानी का महत्त्व' समझाते हुए पत्र लिखिए ।** **(05)**

## शिक्षक के लिए :

| प्रश्न क्रमांक | अ. नि. क्रमांक | विधान |
|---|---|---|
| 1 | H712.02 | 'कौन' कारक के रुपोंवाले प्रश्नों के उत्तर लिखित रूप से देते हैं । |
| 2 | H718 | शब्दों को उचित क्रम में रखकर अर्थपूर्ण वाक्य बनाते हैं । |
| 3 | H726 | परिच्छेद का मातृभाषा में अनुवाद करते हैं । |
| 4 | H720 | कहानी का विकास और विस्तार करते हैं । |
| 5 | H714 | किसी विषय पर पत्र लिखते हैं । |

# सामयिक मूल्यांकन कसौटी

कक्षा : 7 | हिन्दी | सितम्बर, 2021

समय : 1 घंटा | अंक : 25

....................................................................................................................

**H7.12.02 : 'कौन ' कारक के रूपों वाले प्रश्नों के उत्तर लिखित रूप से देते हैं।**

**प्रश्न : 1 प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** **(05)**

(1) हमें बिना सोचे समझे काम क्यों नहीं करना चाहिए ?

(2) सम्मान पाने के लिए आप क्या-क्या करेंगे ?

(3) हमें प्रभु की याद कब-कब आती है ?

(4) आधुनिक युग में संदेश भेजने के कौन-कौन से माध्यम है ?

(5) ईंधन के बिना चलनेवाले किन्हीं दो साधन के नाम लिखिए ।

**H716 : विरामचिह्नों का योग्य स्थान पर प्रयोग करते हैं।**

**प्रश्न : 2 दिए गए वाक्य में सही स्थान पर उचित विरामचिह्न लगाकर वाक्य फिर-से लिखिए।** **(05)**

(1) युधिष्ठिर भीम अर्जुन नकुल और सहदेव पाँच पाण्डव थे
(2) कौन कहता है कि भारत विज्ञान में पीछे है
(3) राधा कृष्ण नाच रहे हैं
(4) चाणक्य ने कहा मैं तुम्हारी रक्षा करूँगा
(5) प्रेमचंद का प्रसिद्ध उपन्यास गोदान है

**H726: परिच्छेद का मातृभाषा में अनुवाद करते हैं ।**

**प्रश्न : 3 निम्नलिखित परिच्छेद का मातृभाषा में अनुवाद कीजिए ।** **(05)**

अमरिका में स्वामीजी के भक्तों की संख्या दिनों-दिन बढ़ने लगी | चारों ओर जिज्ञासु उनके पास पहुँचते और अपने-अपने नगर में पधारने का अनुरोध करते | स्वामीजी को अक्सर दिनभर व्यस्त रहना पडता । बडे-बडे प्रोफेसरों और विद्वानों ने आकर उनके उपदेशों को अपने हृदय में स्थान दिया और उनका शिष्यत्त्व ग्रहण किया|

**H728: भाषा की शाब्दिक और वाक्य संबंधी खूबियों को जानकर उचित उपयोग करते हैं |**

**प्रश्न : 4 विधान शुद्ध रूप से लिखिए।** **(05)**

(1) आप कहा से आ रहे है ?

(2) आप मेरा और आ जाइए ।

(3) लड़कें खेल रहे है ।

(4) कुंजदिन शबजियाँ बेचती है ।

(5) रिकसा में दो आदमी बैठे है ।

**H710: ढाँचे पर-से कहानी का लेखन करते हैं ।**

**प्रश्न : 5 निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर से कहानी लिखिए ।** **(05)**

एक औरत का अपने बच्चे और नेवले के साथ रहना __ स्त्री का बच्चे को पालने में रखकर पानी भरने जाना __ साँप का घर में आना __ पालने की ओर आगे बढ़ना __ नेवले द्वारा साँप को मारना __ औरत का वापस आना __ नेवले के मुँह पर खून देखना __ नेवले को मटके से मारना __ सच्चाई का पता लगाना __ स्त्री का फूट-फूट कर रोना __ सीख ।

...................................................